प्रश्नोतर से संबंधित परिशिष्ट

परिशिष्ट 'बत्तीस'

[6/12/2016]

प्रश्न सं. [क्र. 1538]

कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला विदिशा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./विदिशा/ओ.एम./विसप्र–1538/01–ए/2016 दिनांक 17.11.2016

प्रति,

सहायक पुलिस महानिरीक्षक
(वि.स.) अअवि
पुलिस मुख्यालय, भोपाल

विषयः– विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 1538 द्वारा माननीय विधायक श्री गोवर्धन उपाध्याय के संबंध में चाही गई जानकारी।

संदर्भः– पत्र कमांक/पुमु/अअवि/विसप्र–1538/1670/16 दि 16.11.2016

000

उपरोक्त विषयांतर्गत कृपया संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 1538 द्वारा माननीय विधायक श्री गोवर्धन उपाध्याय के संबंध में, विदिशा जिले के विधानसभा क्षेत्र सिरोंज एवं लटेरी अनुभाग के ग्राम चिताबर, छापू, भौरिया, गरेठा आदि ग्रामों में बिना अनुमति के देशी शराब के बिकय के संबंध में दिनांक 01.04.2016 से 16.11.2016 तक की अवधि में एसडीओपी कार्यालय, सिरोंज व लटेरी में शिकायत प्राप्त होने के संबंध में प्रोफार्मानुसार जानकारी चाही गई है।

बिन्दु कमांक (क) (ख) जानकारी आबकारी विभाग से संबंधित है।

अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) को प्रस्तुत शिकायतों की जानकारी निम्नानुसार हैः–

एसडीओपी कार्यालय सिरोंज एवं लटेरी प्राप्त जानकारी के अनुसार पत्र में दर्शाये गये ग्रामों में दिनांक 01.04.2016 से 16.11.2016 तक की अवधि में अवैध शराब बिकी के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। बांछित जानकारी निरंक है।

पूरक जानकारी

उक्त अवधि में सिरोंज अनुभाग के थाना दीपनाखेड़ा के अंतर्गत दिनांक 23.07.2016 आरोपी गुड्डा पुत्र लालाराम भोई 50 साल निवासी ग्राम गरेठा को 22 क्वाटर देशी शराब बिकय करने के उद्देश्य से रखे पाये जाने पर गिरफतार कर आरोपी के बिरूद्ध अपराध कमांक 103/16 धारा 34 आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर चालान कमांक 91/2016 दिनांक 31.07.2016 तैयार किया गया न्यायालय जे.एम.एफ.सी. सिरोंज पेश किया गया, जिसमें माननीय न्यायालय के प्रकरण कमांक 452/2016 दिनांक 05.08.16 प्राप्त हुआ है, प्रकरण में न्यायालय द्वारा आरोपी को रूपये 1000/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक
जिला विदिशा

प्रतिलिपि/

पुलिस महानिरीक्षक, भोपाल झौन भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।
उप पुलिस महानिरीक्षक, ग्रामीण क्षेत्र भोपाल की ओर सादर सूचनार्थ।

पुलिस अधीक्षक
जिला विदिशा

अनुभाग अधिकारी
मध्य प्रदेश सचिवालय,
वाणिज्यिक कर विभाग
(आबकारी/बिक्रयकर शाखा)
भोपाल